हरिभूमि
# विंध्य भूमि
जबलपुर, मंगलवार 16 जनवरी 2024
login : www.haribhoomi.com
सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना


**खबर संक्षेप**

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले मंदिरों की सफाई में जुटे नेता



**मैहर।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन से पहले देशभर में बीजेपी नेता और आमजन मंदिरों की साफ़-सफाई में जुटे हैं।बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर बड़े-बड़े नेताओं की तस्वीरें सामने आई हैं। इसी क्रम में मैहर की विभिन्न मंदिरों में भी सफाई अभियान चलाया गया। इसी क्रम में मैहर की प्राचीन जनआस्था का केंद्र माँ चण्डी देवी मंदिर में भी मैहर विधायक श्रीकान्त चतुर्वेदी की अगुवाई में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान विधायक श्री चतुर्वेदी ने नगर वासियों को मकर संक्रांति उत्तरायण की शुभकामनाएं भी दी साथ ही लोगों से 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के दौरान अपने-अपने घरों के आसपास के मंदिरों में पहुंचकर इस करीब 500 वर्षों बाद आई इस ऐतिहासिक घड़ी का साक्षी बनने का आग्रह किया। श्री चतुर्वेदी ने यह भी कहा कि जब कभी मौका मिले तो हर कोई कम से कम एक बार श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में रामलला के दर्शन कर स्वयं को अवश्य कृतार्थ करें। सफाई अभियान के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी तथा भाजपा मैहर के तमाम नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 6 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस

**सतना।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के लिये दावा-आपत्ति प्राप्त करने जिले के सभी मतदान केंद्रों में 13 जनवरी को विशेष कैंप का आयोजन किया गया था। विशेष कैंप के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा द्वारा मतदान केंद्रों पर दावा-आपत्ति लेने का कार्य और बीएलओ की उपस्थिति का निरीक्षण करने अधिकारियों का दल गठित किया गया था। गठित दल द्वारा विशेष कैंप की तिथि 13 जनवरी को विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण करने पर 6 केंद्रों पर बीएलओ अनुपस्थित मिले। मतदान केंद्रों पर अनुपस्थित रहने वाले बीएलओ को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे में जवाब प्रस्तुत करने के लिये कहा गया है। कलेक्टर अनुराग वर्मा द्वारा विधानसभा रैंगांव अंतर्गत बीएलओ सहायक शिक्षक संजय कुमार सोनी,सहायक अध्यापक बडकउना कोल,सहायक अध्यापक महेंद्र सिंह,सहायक शिक्षक हरि कुमार लढ़िया,सहायक अध्यापक रमेश कुमार विश्वकर्मा एवं सहायक शिक्षक रामावतार मवासी को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है।

### मनाया गया गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व



**मैहर।** सिखों के 10वें गुरु व महान योद्धा गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व नगर में धूमधाम से मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम 5 जनवरी से ही जारी हैं। गुरु गोविंद सिंह जी का 357वां जन्मोत्सव नगर में 17 जनवरी को मनाया जाएगा। प्रकाश पर्व के अंतर्गत सोमवार शाम भव्य नगर कीर्तन जुलूस निकाला गया। नगर कीर्तन में पंजाब से आया हुआ गतका दल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। सतनाम वाहेगुरु के जयकारों से नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। रथ पर पालकी सजाकर पंज प्यारों की अगुवाई में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की सवारी निकाली गई। जगह-जगह समाज के विभिन्न संगठनों, व्यापारियों, युवाओं,अन्य धर्म एवं समाज के लोगों सहित जनप्रतिनिधियों ने फूलों से पंज प्यारों व श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा माथा टेकर आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर कीर्तन जुलूस में पंजाब से आया गतका दल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

## हिंसक हो रहे हैं इंसान के सबसे वफादार दोस्त

# बढ़ रही डॉग बाइट की घटनाएं

### मैहर सिविल अस्पताल में हर रोज औसत 10 नए केस

मैहर।





यूं तो श्वान (कुत्ता) इंसानों के लिए सबसे वफादार जानवर माना जाता है। किंतु अब यह दिनोंदिन खतरनाक होता जा रहा है। कुत्तों के हमलों की कई घटनाएं मैहर वासियों के साथ हर रोज हो रही हैं। ऐसा नहीं कि ये घटनाएं केवल गली-मोहल्लों में होती हैं,बल्कि घरों में पाले गए कुत्ते भी अपने मालिकों पर हमला कर डालते हैं।रात-दिन ध्यान रखने वाले मालिक का मुंह नोंच लेने या उन्हें काट लेने की घटनाएं भी अक्सर हो रही हैं। आवारा कुत्तों के अलावा पालतू कुत्ते भी लोगों के लिए खतरनाक बनते जा रहे हैं। मैहर सिविल अस्पताल के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इन दिनों डॉग बाईट के लगभग 10 नए केस हररोज आ रहे हैं। तथा पुराने मरीजों सहित यह संख्या हर रोज 50 से 60 मरीजों तक पहुँच रही है। अचानक बढ़ रही डॉग बाईट की घटनाओं ने अस्पताल प्रबंधन को भी चिंता में डाल दिया है।मैहर अस्पताल प्रभारी डॉ.वी.के.गौतम के अनुसार डॉग बाईट की बढ़ती घटनाओं का कारण समझ से परे हैं,अस्पताल आ रहे डॉग बाईट के मरीजों का समुचित उपचार किया जा रहा है तथा पर्याप्त मात्रा में रेबीज के इंजेक्शन एवं अन्य दवाएं उपलब्ध हैं।

### इनसे बचके रहना...ये हैं खतरनाक प्रजाति

पिटबुल,राटवाइलर,जर्मन शेफर्ड,अमेरिकन बुलडाग, बुलमैस्टिफ, साइबेरियन हस्की,बाक्सर,डाबरमैन पिंचर

### कुत्ते ऐसा करें तो सतर्क हो जाएं

- कुत्ता आक्रोशित हो तो उसके रोयें खड़े होने लगते हैं।
- उसका शरीर सामान्य के बजाय कठोर हो जाता है।
- वह आंखों के सीधे संपर्क से बचता है।
- कुत्ते की आंखों का सफेद भाग अधिक दिखाई देने लगता है।
- वह अपने दांत दिखाता है या गुर्राता है।
- बड़े कुत्ते अक्सर डराते हैं, डरने पर काट लेते हैं।
- छोटे कुत्ते कम संकेत देते हैं और काट लेते हैं।

### आक्रमण के बचने के लिए करें ये उपाय

- कुत्ता भौंके तो उसके आगे-पीछे चलने के बजाय उससे सुरक्षित दूरी बनाए रखें।
- कुत्ते से आंख मिलाने से बचें।
- तेज आवाज करने से बचें, कुत्ता इससे और अधिक उत्तेजित हो सकता है।
- कोई भी अचानक हरकत (जैसे दौड़ना) आदि न करें कि इससे कुत्ता चौंक जाए।
- कुत्ता हमला करने की मुद्रा में हो तो अपनी तरफ मुड़ें ताकि आपके शरीर का प्रोफाइल कुत्ते की ओर हो।

### इनका कहना है



इन दिनों डॉग बाईट के हर रोज लगभग 10 नए मरीज सिविल अस्पताल पहुँच रहे है,अस्पताल में उन्हें विधिवत इलाज दिया जा रहा है,रेबीज के इंजेक्शन तथा अन्य दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

**डॉ.वी.के.गौतम,**
**प्रभारी, सिविल अस्पताल मैहर**



## पर्यावरण की भारतीय अवधारणा पुस्तक का विमोचन

सतना।

मकर संक्रांति के अवसर पर लोकदेवता क्षत्रपाल बाबा मंदिर परिसर डुडहा में क्षत्रपाल बाबा लोक कल्याण समिति द्वारा श्रीराम कीर्तन के आयोजन के साथ विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री वर्तमान में पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष रामकृष्ण कुसमरिया व अध्यक्षता नागौद विधानसभा के विधायक नागेंद्र सिंह सहित विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री बाबूलाल दाहिया,जिला पंचायत सदस्य ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू,काग्रेस नेत्री डा.रश्मि सिंह,सेवा निवृत्त अपर संचालक कृषि आर एस चर्मकार की उपस्थिति में छत्रपाल बाबा की चरण पादुका की स्थापना, वृद्धों की चरण वंदना सम्मान करने के साथ ही कंबल वितरण एवं स्वामी निर्भयानंद कर्मस्थली का उद्घाटन एवं सेवानिवृत्त भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक महानिर्देशक डॉ.सदाचारी सिंह तोमर द्वारा लिखी गई पुस्तक पर्यावरण की भारतीय अवधारणा का विमोचन किया गया। इस दौरान छत्रपाल बाबा समिति डुडहा के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। इस दौरान निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन एचडब्ल्यूसी अमदरी,शासकीय आयुर्वेद औषधालय पतौरा एवं पीएचसी कुलगढ़ी के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। जिसमें डॉक्टर विनोद प्रजापति,डॉ धीरज दाहिया,डॉ हीरालाल के द्वारा मरीजों का परीक्षण एवं उपचार किया साथ ही 66 मरीज का निःशुल्क शुगर जांच तथा हीमोग्लोबिन की जांच के साथ कुल मिलकर 460 मरीज का उपचार किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में दिल्ली सहित अन्य राज्यों में आयोजित मैराथन में अव्वल आने वाले गोल्ड मेडल प्राप्त नंदहा गांव के चुनमुन जायसवाल के 14 वर्षीय पुत्र अंश जायसवाल का विशेष रूप से सम्मान किया गया।

## जनता को सरकार से जोड़ रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

### चित्रकूट से श्रीराम वनगमन पथ के विकास की होगी शुरूआत, सीएम करेंगे मॉडल पर चर्चा

सतना।



सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सतना सांसद गणेश सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा देश की जनता तक सरकार और उसकी योजनाओं को पहुंचा कर खुशहाली लाने का माध्यम है। देश की ढाई लाख पंचायतों में यह यात्रा भ्रमण कर रही है। इसके अलावा अयोध्या में श्रीराम मंदिर और रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही सतना के चित्रकूट से श्रीराम वनगमन पथ के विकास की भी शुरुआत हो जाएगी। सीएम इसे मूर्त रूप देने मंगलवार को चित्रकूट में इसके मॉडल पर चर्चा करेंगे। सांसद ने कहा कि आज अयोध्या में श्रीराम लला के मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा की चर्चा पूरी दुनिया मे हो रही है।

### सीएम होंगे यात्रा में शामिल

सांसद ने बताया कि 16 जनवरी को सतना के मझगवां विकासखंड अंतर्गत ग्राम पटना खुर्द में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके बाद सीएम चित्रकूट जाएंगे और श्रीराम वन गमन पथ न्यास की पहली बैठक में शामिल होंगे। सांसद ने कहा कि इस बैठक के बाद श्रीराम वन गमन पथ प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने की शुरुआत होगी। सांसद ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सतना जिले में भी 14 जनवरी से मंदिरों- धर्म स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिले के हर गांव-हर मंदिर में कार्यक्रम हों, इसके लिए प्रबन्ध किये जा रहे हैं।

### सत्ता के गलियारों से बाहर नहीं निकले कांग्रेसी पीएम



सांसद गणेश सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने लोकतंत्र पर लोगों का विश्वास बढ़ाया है। इससे देश में लोगों की गृहस्थी की तस्वीर भी बदल रही है। जितना काम आज हो रहा है अगर वैसा ही काम पहले की सरकारों ने किया होता तो देश की स्थिति और बेहतर होती। लेकिन कांग्रेस की सरकारों के पीएम सत्ता के गलियारों से बाहर ही नहीं निकल पाए,जनता के दुख-दर्द,उसकी जरूरतों से उनका कभी वास्ता ही नहीं रहा। सांसद ने कहा कि पीएम मोदी ने देश मे गरीब,किसान,युवा और नारी शक्ति को ही जाति मानकर इन्हें मजबूत करने का काम शुरू किया है।ये चारों हमारे आधार स्तम्भ हैं,इनकी मजबूती से ही देश मजबूत होगा।

### भाजपा कार्यालय को सजाया जाएगा

भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने बताया कि जिले में मेरा गांव मेरी अयोध्या अभियान चलाया जा रहा है।

हर गांव के मंदिर में 22 जनवरी को धार्मिक आयोजन और भंडारे होंगे,घरों में 11 दीपक जलाए जाएंगे। इसके लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। भाजपा के सतना जिला के कार्यालय को भी अवधपुरी की तरह सजाया जाएगा। मंगलवार से एक सप्ताह तक यहां विविध कार्यक्रमो के जरिये हर समाज को जोड़ा जाएगा। भगवान राम की झांकी सजाई जाएगी,22 जनवरी को हवन होगा और अयोध्या का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा जबकि 23 जनवरी को प्रतिमा नगर भ्रमण के लिए निकाली जाएगी।

### मुख्यमंत्री आज पटनाखुर्द और चित्रकूट आयेंगे

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सतना जिले के एक दिवसीय प्रवास पर 16 जनवरी को मझगवां विकासखंड के पटनाखुर्द और चित्रकूट आएंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्धारित कार्यक्रमानुसार मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे हेलीकॉप्टर से मझगवां विकासखंड के पटनाखुर्द आयेंगे और यहां विकसित भारत संकल्प यात्रा के स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव पटनाखुर्द से हेलीकॉप्टर से रवाना होकर दोपहर 1:15 बजे चित्रकूट के उद्यमिता परिसर के हेलीपैड पहुंचेंगे। दर्शन-पूजन के स्थानीय कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री डॉ यादव दोपहर 1:30 बजे ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सभागार में श्री रामचंद्र पथ वन गमन न्यास की बैठक लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव अपरान्ह 2:45 बजे ग्वालियर-बेंगलुरु फ्लाइट के शुभारंभ कार्यक्रम में वर्चुअली जुडेंगे। अपरान्ह 3:15 बजे मुख्यमंत्री डॉ यादव भगवान कामतानाथ स्वामी के दर्शन-पूजन के बाद 4 बजे स्थानीय आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव सायं 4:30 बजे उद्यमिता परिसर के लिए हेलीपैड से हेलीकॉप्टर द्वारा खजुराहो के लिए रवाना होंगे।

### 51 करोड रुपए लागत के विकास कार्य का होगा भूमिपूजन लोकार्पण



सतना जिले के मझगवां विकासखंड के ग्राम पटनाखुर्द में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होने आ रहे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जिले के लगभग 51 करोड़ रुपए लागत के 38 विकास कार्यों की सौगात देंगे। इसके अनुसार सतना जिले के 28 करोड़ 10 लाख रुपए लागत के 24 नवनिर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण और 22 करोड़ 74 लाख रुपए लागत के 14 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा किया जाएगा।

### कलेक्टर और एसपी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री डॉ यादव के प्रस्तावित दौरे के दृष्टिगत कलेक्टर अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशतोष गुप्ता ने सोमवार को पटनाखुर्द पहुंचकर सभास्थल और आवागमन रुट का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवागमन के रूटचार्ट तथा कार्यक्रम स्थल की तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने सुरक्षा प्रबंधों, वाहनों की पार्किंग तथा कार्यक्रम स्थल में आमजनता का प्रवेश सुगम बनाने के लिए किए जा रहे प्रबंधों के संबंध में निर्देश दिए। निरीक्षण के समय प्रशासनिक,पुलिस,विभाग प्रमुख तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खदान कर्मियों को सुरक्षा पर और संवेदनशील होना पड़ेगा : प्रभात कुमार

### 35वें धात्विक खान सुरक्षा सप्ताह के रंगारंग समापन समारोह का आयोजन

सतना।




आने वाले समय में खदान कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति और ज्यादा संवेदनशील होना पड़ेगा। 35वें धात्विक खान सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए उक्त विचार देश के खान सुरक्षा महानिदेशक प्रभात कुमार ने व्यक्त किए। खानसुरक्षा महानिदेशालय,जबलपुर के तत्वाधान में केजेएस सीमेंट (इं) लिमिटेड ने सुरक्षा सप्ताह के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का रंगारंग आयोजन स्थानीय ओम रिसोर्ट में किया जिसमें विभिन्न माइनिंग कंपनियों के श्रमिकों और उच्चाधिकारियों ने भारी संख्या में भाग लिया। उल्लेखनीय है कि इस परिप्रेक्ष्य में वर्ष भर चली गतिविधियों का संचालन केजेएस सीमेन्ट के चेयरमैन पवन अहलूवालिया की पहल पर विभिन्न स्थानों पर कम्पनी की ओर से किया गया।समापन अवसर पर खान सुरक्षा संचालनालय से जुड़े अनेक उच्चाधिकारियों ने भाग लिया जिसमें प्रभात कुमार सहित प्रकाश कुमार,संदीप श्रीवास्तव,टी.महतो,शेख गुलाब,अशोक कुमार एवं एस.डी.छिदारवार उल्लेखनीय रहे। समापन समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रभात कुमार के द्वारा सुरक्षा ध्वज के ध्वजारोहण एवं ए.के. वर्मा(महाप्रबंधक,केजेएस सीमेंट) द्वारा सुरक्षा शपथ दिलाए जाने से हुई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने विभिन्न कंपनियों द्वारा स्थापित एग्जिबिशन स्टॉल का उद्घाटन एवं निरीक्षण किया। मुख्य कार्यक्रम की शुरुआत में ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी विजय सिंह राठौड़ ने इस समारोह में भाग लेने वाले सभी अतिथियों एवं विभिन्न खदानों से आए सभी वरिष्ठ एक्जीक्यूटिव,मैनेजर्स,सुपरवाइजर्स एवं श्रमिक बंधुओं का स्वागत करते हुए 35वें खान सुरक्षा सप्ताह के महत्व पर प्रकाश डाला। श्री राठौड़ ने विस्तार से बताया कि किस प्रकार से पिछले कुछ महीनों से आयोजन समिति ने क्विज कम्पटीशन,फर्स्ट एड कम्पटीशन तथा ट्रेड टेस्ट कम्पटीशन का सफल आयोजन विभिन्न जगहों पर करवा कर जबलपुर क्षेत्र के खनन सेक्टर में माइंस सेफ्टी के प्रति सुरक्षा की भावना श्रमिक बंधुओं में पैदा की। जबलपुर क्षेत्र के खान सुरक्षा निदेशक अशोक कुमार ने भी अपने उद्बोधन में खान क्षेत्र में कार्यरत सभी लोगों से सुरक्षा संबंधी कोई भी लापरवाही नहीं करने के प्रति सचेत किया। एस.डी. छिदारवार (खान सुरक्षा उप महानिदेशक) ने अपने संबोधन में कहा कि खदान क्षेत्र में सुरक्षा की नवीनतम टेक्नोलॉजी का समावेश किया जाए तथा फील्ड में कार्यरत सभी इंजीनियर्स, मैनेजर्स व श्रमिकों की ट्रेनिंग पर विशेष जोर दिया जाए। केजेएस सीमेंट के प्रेसिडेंट राजपाल सिंह राणा ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया और भाग लेने वाले सभी ऑफिसर्स वर्कर्स को आने वाले समय के लिए शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में केजेएस के खान अधिकारी बी.के.चौधरी,ए.के.वर्मा,आर.पी सैनी,रवि मिश्र,अतीन्द्र भट्टाचार्य,आर.पी. द्विवेदी एवं राजेश शर्मा का भरपूर योगदान रहा। समारोह में केजेएस सीमेन्ट की ओर से मार्केटिंग प्रमुख टी.सी.जैन,बी.के.त्रिपाठी,एचआर प्रमुख मनीष प्रसाद,बी.के. ठाकुर, महेश गुप्ता, प्रकाश करण,विरंचि गाइन,अनिल राय,अशोक मिश्र एवं जनसंपर्क अधिकारी निरंजन शर्मा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## खबर संक्षेप

### ध्वज पताका फहराकर सात दिवसीय मेला प्रारंभ

**अमानगंज।** सोमवार 15 जनवरी 2024 को स्थान पांडव प्रयाग (पंडवन) में समय 11रू00 बजे से सप्त प्रयाग गंगा मैया की आरती उतारकर, चुनरी अर्पण कर और ध्वज पताका फहराकर सप्त दिवसीय मेले का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया हैं। मेला उद्घाटन के मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर राजेश वर्मा क्षेत्रीय विधायक भी मौजूद रहे। यह मेला सत्य व्यवस्था चलेगा और भारी संख्या में क्षेत्रीय जनता जनार्दन के पहुंचने की संभावना है साथ ही प्रशासन द्वारा भी यहां रुकता इंतजाम किए गए हैं आज मेला के पहले दिन15/01/2024 उद्घाटन सत्र में पडवन (उडला) के द्वारा दिवारी का कार्यक्रम रखा गया है। इसी प्रकार से क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से प्रत्येक दिन अलग-अलग क्षेत्रीय कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### श्री लीला महोत्सव 16 से 18 जनवरी तक

**पन्ना।** संस्कृति विभाग द्वारा अयोध्या में भगवान श्री राम की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व सलेहा में 16 से 18 जनवरी तक तीन दिवसीय श्री लीला प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा। आस्था का सांस्कृतिक वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से श्रीराम कथा के चरित्र आधारित भक्तिमति शबरी, निषादराज गुहा और श्री हनुमान लीलाएं विशेष रूप से परिकल्पित कर तैयार कराई गई है। संस्कृति विभाग के लिए भोपाल स्थित जनजातीय लोककला एवं बोली विकास अकादमी द्वारा लीलाओं के समारोह का समन्वय और आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने स्थानीय स्तर पर कलाकारों की आवास व्यवस्था सहित आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं, प्रचार-प्रसार में सहयोग, जनप्रतिनिधि व गणमान्य अतिथियों के आमंत्रण, पेयजल, सुरक्षा व साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। पुलिस अधीक्षक को कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था तथा जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी को समस्त कार्यक्रम का नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह साफ-सफाई व पेयजल व्यवस्था और जिले के गणमान्य नागरिकों के सहयोग से स्वच्छता अभियान के संचालन के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी पन्ना, प्रचार-प्रसार व जनप्रतिनिधियों के आमंत्रण पत्र इत्यादि व्यवस्थाओं के लिए परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार तथा प्रभात फेरियों और विशाल कलश यात्राओं के आयोजन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक दायित्व सौंपा गया है। आवश्यक समन्वय के साथ आयोजन गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न कराने और स्वच्छता अभियान के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया गया है।

### अधिमान्य पत्रकार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से की मुलाकात

**पन्ना।** मध्य प्रदेश शासन से अधिमान्य पत्रकारो ने अपना एक जिला स्तरीय संगठन बनाया है इस संगठन के पदाधिकारी व सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल अधिमान्य पत्रकार संघ के अध्यक्ष बृजेंद्र गर्ग व सचिव शिवकुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में कलेक्टर हरजिंदर सिंह से मुलाकात करते हुए अपनी समस्याओं के निराकरण के संबंध में ज्ञापन सौपा है। केंद्र स्तर व राज्य स्तर की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम भी कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन भेजे गए हैं दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पन्ना जिले में मध्य प्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त पत्रकारों की फोटो युक्त सूची जनसंपर्क विभाग में अलग से संधारित की जाए एवं यह पत्रकारों की लिस्ट जिले के समस्त शासकीय कार्यालय में उपलब्ध कराई जाए, शासकीय कार्यक्रमों एवं मीटिंग के आमंत्रण में आमंत्रण पत्र भेजने की परंपरा रही है लेकिन बीते कुछ समय से आमंत्रण पत्र नहीं भेजे जा रहे हैं जिस पत्रकार शासकीय कार्यक्रमों में नहीं पहुंच पाते हैं, जनसंपर्क विभाग में पत्रकार सत्कार निधि के अपव्यय की सूचना है यह सुनिश्चित किया जाए की जो शासन से निधि प्राप्त होती है वह पत्रकारों के सत्कार में ही खर्च की जाए, समाचार संकलन के लिए जिला मुख्यालय से बाहर गए अधिमान्य पत्रकारों को रेस्ट हाउस में रुकने की आरक्षण करने की पात्रता के निर्देश जारी किए जाएं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए एनबीएस राजपूत संयुक्त सचिव







## व्यवस्थाओं का जायजा लेकर विभागीय स्टॉल का किया अवलोकन अधिकाधिक संख्या में योजनाओं का लाभ लेने के लिए की अपील

**भारत सरकार के संयुक्त सचिव एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के पन्ना जिले के प्रभारी अधिकारी एन.बी.एस. राजपूत आज पन्ना विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत भटहरमेघा के कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर ग्रामवासियों से संवाद किया।**

**पन्ना।**

विभिन्न विभागों के स्टॉल व प्रदर्शनी का अवलोकन कर योजनाओं के लिए पात्र हितग्राहियों से शिविर के माध्यम से अधिकाधिक संख्या में लाभ प्राप्त करने का आग्रह भी किया। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर हरजिंदर सिंह, जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, एसडीएम अशोक अवस्थी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। संयुक्त सचिव श्री राजपूत ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी व महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान कर लाभ से वंचित नागरिकों को समयबद्ध तरीके से योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है। नागरिकों को भी अपना कर्त्तव्य समझकर शिविर में उपस्थित होकर एवं विभागीय कर्मचारियों से संपर्क कर योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा जनहित की शासकीय योजनाएं पहले से क्रियान्वित की जा रही हैं। अब किन्हीं कारणोंवश योजनाओं के लाभ से छूटे हुए लोगों को जागरूकता के साथ अधिकारस्वरूप योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आगे आना चाहिए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जिले में विगत 17 दिसम्बर से प्रारंभ विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि यात्रा अवधि में बड़ी संख्या में महिलाओं को नवीन गैस कनेक्शन सहित नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना और अन्य योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया गया है। शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के साथ आधार अपडेशन शिविर भी लगाया जा रहा है। साथ ही प्रचार वैन के जरिए प्रधानमंत्री के संदेश प्रसारण सहित निर्धारित गतिविधियों का संचालन भी नियमित रूप से किया जा रहा है। ग्राम में संकल्प यात्रा अंतर्गत आयोजित शिविर में शासन की योजनाओं व उपलब्धियों पर केन्द्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। योजनाओं पर आधारित गीत और धरती कहे पुकार के के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। पीएम आवास योजना के हितग्राही रामदीन कुशवाहा, पीएम किसान सम्मान निधि के हितग्राही राजकुमार गौतम और उज्ज्वला योजना की महिला हितग्राही लक्ष्मी चौधरी ने योजना के लाभ से सामाजिक और आर्थिक उन्नति के साथ जीवन में आए बदलाव के बारे में बताया। संयुक्त सचिव ने आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करने की शपथ भी दिलाई। साथ ही उज्ज्वला गैस कनेक्शन की हितग्राही महिलाओं कौशल्या बागरी और चाहना साहू को हितलाभ का वितरण भी किया।

# पाठक परिवार ने अपनी मां के सतायु होने पर तुलादान व रथ में सवार कर गांव से सम्पूर्ण जिले में संस्कृति व सम्मान का दिया संदेश

**पन्ना/सिमरिया।**





कार्यक्रम में सम्मलित गुनौर विधानसभा के विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने अद्भुद पल बताया व माता-पिता की पूजा को ही सर्वोपरी बताया जिले के गुनौर विधानसभा अंतर्गत पगरा ग्राम में पाठक परिवार ने अपनी मां के 100 वर्ष पूर्ण होने पर जहां बग्घी में सवार करते हुए गांव का भ्रमण कराया वहीं निर्मल पैलेस में मां का तुलादान किया गया। मां की कृपा से ही इस परिवार की बेल जिस तरह से आगे बढ़ रही है वह आर्शीवाद के रूप में स्वयं साक्षी है। तभी तो परिवार ने अपने माता-पिता के प्रति श्रृद्धा व संदेश से पूरे जिले को दी दिशा। इस पल में शामिल गुनौर विधायक राजेश वर्मा ने इसे अद्भुद पल व माता-पिता की पूजा ही सबसे बड़ी पूजा बताई जो सर्वोपरी है।

जिले के गुनौर तहसील अंतर्गत ग्राम पगरा निवासी बृजकिशोर पाठक उर्फ स्वामी पाठक पूर्व सरपंच व जयकिशोर पाठक आदि जो सात भाई है। इनके परिवार की संख्या लगभग 156 सदस्य जाने जाते है। आज पाठक परिवार ने जो हमारी संस्कृति व कर्तव्य सेवा सम्मान को दिशा दी है अपने माता-पिता को लेकर वह आज के पल स्वयं ही साक्षी के रूप में आगे के लिए दिशा व संदेश देने को लेकर जानी जा रही है। आपकी मां श्रीमती कौशिल्या देवी पाठक जो 100 वर्ष अपनी आयु को आज 15 जनवरी मकर सक्रांति के दिन पूर्ण कर चुकी। मां के सतायु होने पर पाठक परिवार ने जहां अपनी मां को एक विशेष बग्घी रथ में बैठाकर जिस तरह से देवी देवताओं की पूजा के रथ निकाले जाते है। उसी तरह मां को सवार करते हुए गांव का भ्रमण कराया। वहीं निर्मल पैलेस में तुलादान भी मां का किया गया। इतना ही नहीं इस समय के पल में शामिल होने वाले गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने स्वयं ही मीडिया से रूबरू होकर इस पल को अद्भुद बताया। वहीं माता-पिता के प्रति कर्तव्य जो निभाये जा रहे है। यही सच्ची आराधना व पूजा है जो सर्वोपरी है। पाठक परिवार अपनी मां के सतायु होने पर जहां श्रृद्धाभाव से गरीबों को कंबल, साड़ी आदि दान किये वहीं ब्रम्हणों को सम्मान के साथ जहां दान आदि यथा उचित किया। सबसे बड़े गौरव की बात यह है कि पाठक परिवार ने जो हमारे जिले में माता-पिता के प्रति संदेश दिया अपने इस दायित्व के निर्वाहन को लेकर जिस तरह से माता-पिता के प्रति आदर व श्रृद्धा व सम्मान को लेकर हमारी वर्तमान पीढी व भावी पीढ़ी के लिए संदेश जरूर दे रही है। कुछ लोग ऐसे भी होते है संतान के रूप में जो वृद्ध होने पर माता-पिता को बोझ मानते है वहीं कुछ तो वृद्धा आश्रम तक पहुंचा देते है। आखिर हमारे देश में वृद्धा आश्रम में जिन माता-पिता की संताने है उनको जगह वहां क्यों। क्योंकि उनके संतानों के हृदय में माता-पिता के प्रति जगह का आभाव है। वहीं आज पाठक परिवार के हृदय में जिस तरह से अपनी मां के प्रति सम्मान व श्रृद्धा देखी गई है वह समूचे जिले के लिए यह अनूठी मिशाल जरूर कह सकते है। निश्चित ही माता-पिता की कृपा से ही संतान की प्रगति निहित होती है जिस तरह से पिता के कर्मो से पुत्र को भी आगे बढ़ने को लेकर जाना जाता है साथ ही संस्कार में माता-पिता के द्वारा जो दिये जाते है उनकी भी सराहना या उलाहना दोनों सामने आता है। यहां मां की कृपा यह शब्द अपने आप में परिपूर्ण सिद्ध कर रहा है। जिस तरह से आज पाठक परिवार जिनकी बढ़ती बेल यानि की परिवार की संख्या स्वयं ही 156 सदस्यीय अपने आप में गवाह है साक्ष्य के रूप में साक्षात। निश्चित ही हमारी संस्कृति में पूर्वजों को लेकर जहां कुल देवता की उपाधी भी प्रदान की जाती है। माता-पिता की सेवा से जहां उनके आर्शीवाद रूपी कृपा से परिवार पोषित होता है। जो पाठक परिवार में देखा जा रहा है। जब ये भाव है तो निश्चित ही इस परिवार की प्रगति आने वाले समय यानि की विपरीत परिस्थितियों में भी खुशहाल जीवन की दिशा तय करने को लेकर जानी जायेगी।



# आजीवन कारावास से दण्डित, फरार स्थाई वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमानगंज।**

पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा फरार वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु पन्ना जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को फरार वारण्टियो/अपराधियों को गिरफ्तार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर पुलिस टीमों का गठन किया गया। इसी तारतम्य में जिले के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपनी अपनी टीमो के साथ मिलकर अपने थाना क्षेत्र के फरार वारण्टियो/अपराधियों की तलाश हेतु लगातार प्रयास किये गये। वारण्टियो की तलाश पतारसी हेतु पुलिस टीमो द्वारा अपने अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। दिनांक 14/01/24 को थाना प्रभारी अमानगंज को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की धारा 376 भा.द.वि. में आजीवन कारावास से दण्डित आरोपी हरिश्चंद्र उर्फ सनी राजा परमार गड़ोखर ग्राम में है मुखविर सूचना के अधार पर थाना अमानगंज पुलिस टीम द्वारा अप.क्र. 159/18 धारा 376 भा.द.वि., धारा 3(2-5) एससी/एसटी एक्ट में आजीवन कारावास की सजा समें घोषित दिनांक से फरार चल रहे आरोपी को आज दिनांक 14/01/24 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज उप निरिक्षक महेंद्र सिंह भदौरिया, प्र.आर. मुकेश सोनी, रामसरन , रज्जाक खान,आर. हेमंत गिरधारी का सराहनीय योगदान रहा है।



# गुजरात से 1100 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर धर्म ध्वजा लेकर श्री प्राणनाथ जी मंदिर पहुंचे तीर्थ यात्री

**पन्ना।**

भीषण ठंड में गुजरात के श्रद्धालुओं का एक टोली श्री प्राणनाथ जी मंदिर 5 पद्मावती पुरी धाम के लिए रवाना हुई। इस टोली में 80 श्रद्धालु महिला, पुरुष, बुजुर्ग के सभी शामिल रहे जो 37 दिनों मे 1100 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर पन्ना धाम पहुंचे। यह पैदल यात्री धर्म ध्वजा लेकर गुजरात के कड़वाईपुरा गांव तालुका जिला आनंद से श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर से दिनांक 08/12/23 को पैदल यात्रा शुरू हुई जो गोधरा , दाहोद, झाबुआ, मेघनगर, पिपलोद, भढनगर , नरसिंहगड ,विदिशा, सागर , हटा दमोह गेसाबाद अमानगंज होते हुए पन्ना श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान उनके अनुभव काफी अच्छे रहे जगह-जगह लोगों ने इनका स्वागत किया और रास्ते में कृष्ण प्रणामी मंदिर व अन्य मंदिरों में रुकते हुए यात्रा सफल हुई।

### श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट ने किया भव्य स्वागत-

पन्ना पहुंचते ही श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अमरेश शर्मा (गोपाल), सचिव अभय शर्मा के साथ-साथ ट्रस्ट के चंद्रकृष्ण त्रिपाठी, राकेश कुमार शर्मा, प्रमोद शर्मा व स्थानीय धामी समाज के लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। पैदल यात्रा में 80 श्रद्धालु सुंदरसाथ शामिल थे। जिनमें प्रमुख रूप से उदय राज महाराज, साध्वी सपना, भास्कर भाई, मगन भाई, मीता बेन ,गीता बेन , रमन भाई के साथ-साथ पैदल यात्रा के संचालक गोविंद भाई आदि शामिल रहे।

# विकास को लेकर भावी समय के लिए कार्य योजना जनता के जनप्रतिनिधियों की सोच से आगे तय हो तो सतत विकास की दिशा प्रवाहित होगी

**पन्ना।**

चुनावी समय को तय करने के लिए ही पत्थर की राह चढ़कर प्रतिदिन दर्शन के लिए अजयपाल किला में पत्र खजुराहो सांसद व प्रदेशाध्यक्ष ने जो लिखा वह पराम्परा व इतिहासिक रूप में आगे के लिए भी जिम्मेदारों को कर रहा सजग।

जिले में विकास कार्यों को लेकर कब भविष्य के समय को ध्यान में रखकर कार्य योजना को अंजाम दिया जायेगा। कहने को तो पंचायत से लेकर जिला पंचायत तक कार्य योजना की बात की जाती है वहीं नगर पंचायत में भी विकास कार्यों को अंजाम दिया जाता है पर शासकीय राशि व कैसे कार्य किये जाना है आगे के लिए वह आज तक आम जनता को सायद ही मालुम हो पाता है। पन्ना नगर पालिका में कई बार ऐसे हालात अजीबो गरीब देखने को मिले जहां नगर पालिका के द्वारा विकास कार्य में राशि व्यय की जाती है फिर वहीं दूसरी नपा के कार्यकाल में वही तोड़फोड़ कर मिटा दी जाती है उदाहरण को लेकर बेनीसागर तालाब की चौपाटी जहां तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शारदा पाठक के कार्यकाल में बेनीसागर तालाब की पार में जहां पहले के हालात कबाड़ जैसे तब्दील थे वहां चौपाटी विकसित की गई थी। हरे-भरे वृक्ष स्वयं सुंदरता को लेकर जाने जाते थे वहीं कार्यकाल बदला तो स्व. मोहन लाल कुशवाहा के कार्यकाल में चौपाटी को हटा दिया गया। आज फिर हालात कबाड़ को लेकर स्वयं गवाह है। वहीं पड़ोसी जिला बांदा के अंतर्गत कांलीजर चंदेलकालीन समय का किला जिसका विकास स्वयं ही देखते बनता है। वहीं चंदेलकालीन समय का



ही अजयपाल का किला जो हमारे पन्ना जिले की अजयगढ़ तहसील के साथ-साथ अजयपाल महाराज के स्थान का महत्व जो स्टेट समय के पूर्व से ही प्रख्यात है यहां गौ-पालकों या पशुपालकों तक ही सीमित नहीं स्वास्थ्य व सुरक्षा को लेकर इनकी दुहाई तो तंत्र-मंत्र में भी जानी जाती है। इनके क्षेत्र में जब तक अजयपाल महाराज को सम्मान से याद नहीं किया जाता तब तक कोई मंत्र कारगर नहीं होता। जानकारों की माने तो साथ ही विकास की बात करें तो इस स्थान में स्वयं ही विगत दिवस प्रदेशाध्यक्ष भाजपा खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा व पूर्व मंत्री विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह जो पत्थरों से चढ़कर स्वयं ही इस पल के साक्षी है। विकास की कार्य योजना भविष्य को लेकर आज तक न तय की जाती और न अमल होता। चुनावी समय को भांपकर अगर जनप्रतिनिधि जिले के विकास को देखें तो सायद विकास नहीं हो सकता। क्योंकि विकास के लिए तपस्या व संघर्ष जैसे हालात सतत आगे के लिए तय करना होते है। निश्चित ही जनप्रतिनिधियों में अपने जिले के विकास को लेकर सतत सोच के साथ भावी समय को लेकर बढ़ना होगा। वहीं पंचायत स्तर से लेकर कार्य योजना आम जनता को बताते हुए तय करना चाहिए ग्राम सभाओं में कागजों तक कार्य योजना प्रस्ताव के रूप में सीमित न रहे बल्कि जनभागीदारी जो निहित की गई है वास्तविकता में ग्राम सभा हो। विकास भावी समय को लेकर तय किये जाये। यह कहने में अतिश्योक्ति नहीं है कि पन्ना जिले के जनप्रतिनिधियों में विकास की सोच पटल पर साबित करने में पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह जो विकास पुरूष के नाम से कर्म क्षेत्र से ही माने जा रहे है जिस तरह गीता में भगवान कृष्ण ने अर्जुन को को प्रेरित किया कर्म करना आपके हांथ में फल देना स्वयं भगवान ने अपने आप को बताया। यहां जनप्रतिनिधियों को पंचायत स्तर से लेकर नगर व जिला तथा विधायक व सांसद जिन्हें जनता चुनकर भेजती है अपने दायित्वो के निर्वाहन को लेकर भविष्य की सोच के साथ विकास की दिशा तय करना लाजमी है।

## खबर संक्षेप

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रभावी क्रियान्वयन के कलेक्टर ने दिये निर्देश

**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा करते हुए कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने निर्देश दिये कि संबंधित अधिकारी नियमित रूप से शिविरो में भाग ले, वे अपने विभाग की योजनाओ की जानकारी आमजन को दें। पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त करें तथा उनका निराकरण भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग प्रमुख दैनिक रूप से प्रगति की जानकारी पोर्टल में फीड करायें। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना, टीव्ही मरीजो की स्क्रीनिंग, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री स्व निधि योजना मे प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

### नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति धनवाही सेक्टर में कलश यात्रा निकाली गई



**उमरिया।** जन अभियान परिषद विकास खंड करकेली व्दारा चयनित नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति धनवाही सेक्टर क्रमांक-3 उमरिया के द्वारा अपने सेक्टर के ग्राम भरौला में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें यात्रा ग्राम के विरासनी प्रांगण प्रारंभ हुई और बिरासनी चौक से होते हुए आनंद मोहल्ला, शांति मोहल्ला, शेर चौक से होते हुए ग्राम के समस्त मोहल्ले में घूमते हुए समापन बिरासनी मंदिर में किया गया। यात्रा में हरमोनियम, ढोलक के साथ ध्वज लेकर श्रीराम जय राम, जय जय राम का उच्चारण करते हुए संगीतमय वातावरण बनाया गया, साथ ही प्रत्येक घर में अक्षत और पत्रक का वितरण भी किया गया। यात्रा में सरपंच रानी प्रजापति, सचिव संतोष राय और अमृतलाल रैदास ग्राम के पंच और नवांकुर संस्था धनवाही के अध्यक्ष गणेश तिवारी, सचिव अनुराग तिवारी और ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भरौला के सचिव प्रकाश चंद असाटी और समस्त सदस्यों सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### ग्राम सिगुडी में विधायक मानपुर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**उमरिया।** विधायक सुश्री मीना सिंह ने मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम सिगुडी पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं को सुना एवं समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने प्रदेश शासन व्दारा संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ उठाने की अपील की।

### अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन के प्रचार प्रसार में नवांकुर संस्था की सहभागिता



**जमुना/बदरा।** 13 जनवरी को ग्राम पंचायत पयारी नंबर 2 में माध्यमिक विद्यालय में छात्रों के सहयोग से प्रभात फेरी एवं कलश यात्रा का आयोजन किया गया। 22 जनवरी को अयोध्या में हो रहे राम मंदिर के उद्घाटन के प्रचार प्रसार हेतु प्रभात फेरी के माध्यम से जनजागरुकता का कार्य किया गया। कार्यक्रम में नगर विकास प्रस्फुटन समिति पसान नवांकुर संस्था के अध्यक्ष विजय जायसवाल परामर्शदाता शिवानी सिंह एमएसडब्ल्यू छात्र दशरथ सिंह, सेमवती सिंह बीएसडब्ल्यू छात्र प्रांशु मिश्रा, स्वाति गुप्ता गांव के सरपंच और छात्रों का सहयोग रहा।

डिस्टलरी से निकले ग्रेन वेस्ट मैटेरियल को खुले मैदान में सुखाने से हवा हो रही प्रदूषित

# डिस्टलरी के गंदे पानी की बदबू से लोगों का जीना मुहाल, रात में सांस लेना मुश्किल

**नौगांव।** शहर में संचालित जैगपिन ब्रेवरीज लिमिटेड कॉक्स इंडिया डिस्टलरी शराब फैक्ट्री के संचालक द्वारा प्रशासन एवं पर्यावरण विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा मिली अनुमति के विपरीत शराब फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। फैक्ट्री में शराब निर्माण के बाद निकलने वाले ग्रेन वेस्ट मैटेरियल को नियमों के विपरीत कैम्पस के अंदर न सुखाकर बाहर खुले मैदान में सुखा कर वायु प्रदूषण फैलाया जा रहा है। खुले मैदान में वेस्ट मैटेरियल को सुखाने से इसकी बदबू आसपास के पूरे क्षेत्र में फैलकर वायु को प्रदूषित कर रही है, जिसके चलते क्षेत्र के रहवासियों के अलावा फैक्ट्री से लगे हुए ग्रामीणों का भी बदबू से जीना मुहाल है। इस मामले में बीते दिनों आई प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम के द्वारा वायु प्रदूषण के नाम पर दूर दराज क्षेत्र के सैंपल लेकर खानापूर्ति कर चली गई है।



जैगपिन वेवरीज लिमिटेड के संचालक जगदीश अग्रवाल, विपिन अग्रवाल शराब निर्माण के लिए प्रदूषण नियंत्रण विभाग से मिली अनुमति का पालन न कर इसके विपरीत काम कर आसपास के रहने वाले लोगों को जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। फैक्ट्री संचालक के द्वारा शराब निर्माण करने के बाद गेंहू, जवा, मक्का सहित अन्य ग्रेन के सादे हुए मैटेरियल को फैक्ट्री कैंपस में रिसाइकिल नहीं किया जा रहा है। फैक्ट्री से निकले इस वेस्ट मैटेरियल को संचालक के द्वारा प्रदूषण बोर्ड से मिली अनुमति के विपरीत फैक्ट्री कैंपस एरिया के पास निजी भूमि में सुखाया जा रहा है। इतना ही नहीं यह वेस्ट सड़ा हुआ मैटेरियल निजी भूमि में कवर्ड कैंपस में न सुखाकर खुले मैदान में डालकर पूरे क्षेत्र की आवोहवा को खराब किया जा रहा है। वेस्ट मैटेरियल से निकलने वाली गंध इतनी खराब है कि इससे वायु प्रदूषण हो रहा है। हैरान करने के वाली बात यह है कि डिस्टलरी संचालक के द्वारा पर्यावरण नियमों को खुलेआम धज्जियां उड़ाने के बाद भी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिकारी प्रति माह जांच के नाम पर खानापूर्ति कर रहे हैं। तो वहीं मंगलवार को शराब फैक्ट्री में हुए हादसे के बाद प्रशासन सख्त हुआ तो प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सागर की तीन सदस्यीय तकनीकी जांच टीम ने फैक्ट्री एवं फैक्ट्री के आसपास के एरिया के जल एवं वायु के सैंपल लेकर खानापूर्ति करके चली गई। क्योंकि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम को शराब फैक्ट्री कैंपस के बाहर दो स्थानों आप खुले मैदान में सुखाए जा रहे वेस्ट ग्रेन एम मैटेरियल के प्वाइंट नहीं दिखे तो वहीं जांच टीम ने भी उस स्थान के जल सैंपल नहीं लिए जहां पर फैक्ट्री से अवैध तरीके निकल अपशिष्ट जहरीला पानी स्टोर किया गया। टीम जांच के नाम पर खानापूर्ति करके चली गई। इसके चलते डिस्टलरी के आसपास रहने वाले लोगों को सड़े हुए अनाज की बदबू से सांस लेना मुश्किल हो रहा है। डिस्टलरी संचालक के द्वारा पर्यावरण से खिलवाड़ किए जाने के बाद प्रशासन से अब भी प्रभावी कार्रवाई की दरकार बनी हुई है।

डिस्टलरी संचालक के द्वारा फैक्ट्री के पीछे शिकारपुरा मार्ग एवं नौगांव से डिस्टलरी जाने वाले मार्ग के मध्य दो स्थानों पर तार फेंसिंग करके इस सड़े हुए वेस्ट मैटेरियल को सुखाया जा रहा है। इसके चलते हवा में प्रदूषण तेजी से फैल रहा है। सर्दी का मौसम प्रारम्भ होने से डिस्टलरी से निकले गंदे पानी की बदबू एवं वेस्ट मटेरियल से निकली बदबू पूरे शहर की हवा में घुल गई है। बदबू हवा में घुलने से लोगों का जीवन मुहाल हो रहा है। गन्दी बदबू सुबह और रात के समय लोगों को परेशान कर रही है। बदबू हवा में घुलने से सुबह से मोर्निंग वाक करने वाले खिलाडियों, महिलाओं , वृद्धों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है, वॉक के समय लोगों का एक हाथ ज्यादातर समय नाक पर रहता है।अपनी फिटनेश के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले लोगों के लिए डिस्टलरी की बदबू मुश्किल पैदा कर रही है।

### अनुबंध शर्तों का उल्लंघन कर चुनौती दे रहा डिस्टलरी संचालक -

डिस्टलरी संचालक के द्वारा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की पर्यावरण शर्तों का उलंघन करने के बाद भी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी जांच के नाम पर कई वर्षों से खानापूर्ति कर रहे हैं। अनुबंध शर्तों के अनुसार फैक्ट्री संचालक स्प्रिट युक्त मलबे को खुले में नहीं रख सकता है, इस मलबे को फैक्ट्री कैंपस के अंदर ही स्टोर करके रिसाइकिल किया जाए या इस मलबे को आबादी से दूर विनिष्टिकरण कर नष्ट किया जाए। प्रदूषण को रोकने के लिए प्लांट का दूषित पानी भी संयंत्र द्वारा रिसाइकिल कर आबादी से दूर छोड़ा जाए। शराब फैक्ट्री संचालक के द्वारा प्रदूषण बोर्ड की एक भी शर्तों का पालन न एक धड़ल्ले से पिछले कई वर्षों से फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है।

### इनका कहना है -

बीते दिनों पहले टीम भेजकर वायु एवं जल के सैंपल लिए है, डिस्टलरी संचालक के द्वारा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा है, तो कार्रवाई करेंगे। यदि रिहायशी आबादी में प्रदूषण से रहवासियों को दिक्कत अथवा स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है, तो टीम भेजकर फिर से जांच कराई जाएगी।

**केपी सोनी**
**क्षेत्रीय नियंत्रण अधिकारी,**
**मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सागर**

## चार युवकों ने रास्ता रोककर पिता-पुत्र के साथ की मारपीट

**छतरपुर।** जिले के अलीपुरा थाना क्षेत्र में पुरानी बुराई के चलते चार युवकों द्वारा बाईक से जा रहे पिता-पुत्र का रास्ता रोककर मारपीट किए जाने की घटना सामने आई है। घायल पिता को नौगांव अस्पताल से गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।



ग्राम टीला निवासी बाबूलाल पुत्र सुग्गी यादव उम्र 53 वर्ष ने बताया कि वह अपने 25 वर्षीय पुत्र दिलीप के साथ रविवार की सुबह करीब 9 बजे नौगांव जा रहा था तभी बडग़ांव तिगैला पर पहले से घात लगाए बैठे गांव के खिल्लू, दिब्बू, बेटू और हल्कू विश्वकर्मा ने उनका रास्ता रोककर लाठी और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। मारपीट में बाबूलाल के सिर में तथा उसके बेटे दिलीप के हाथ में चोट आई है। घटना को अंजाम देने के बाद चारों आरोपी मौके से भाग निकले। बाबूलाल के मुताबिक करीब 10 पूर्व एक मामले में उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस का साथ दिया था, जिसको लेकर आरोपी बुराई मानते हैं। संभवतः इसी बुराई के चलते मारपीट की गई है। फिलहाल बाबूलाल की शिकायत पर अलीपुरा पुलिस ने मामले की विवेचना शुरु कर दी है। वहीं घायल बाबूलाल को गंभीर अवस्था में नौगांव से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

पीएम मोदी के दीपावली मनाने के बयान पर सांसद डिंपल यादव ने घी उपलब्ध कराने का दिया था बयान

## टीबी अस्पताल के रिटायर्ड अधीक्षक ने डिंपल को लिखा था पत्र, 22 जनवरी को राम मंदिर की प्रतिष्ठा के दिन दीप जलाने भेजा घी

**नौगांव।** शहर के टीबी अस्पताल के रिटायर्ड अधीक्षक डॉक्टर एमएल अग्निहोत्री ने पीएम मोदी के 22 जनवरी को हर घर दीप जलाने के बयान पर उत्तर प्रदेश की सांसद डिंपल यादव का बयान आने बाद उनके घर दीप जलाने के लिए डाक से घी भेजा है।



अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला विराजमान होने जा रहे हैं। जिसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समस्त देशवासियों को उस दिन दीपावली मनाने हर घर में दीप जलाकर दीपोत्सव मनाने की अपील की है। जिसको लेकर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव का एक बयान सामने आया उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सभी को घी उपलब्ध कराने की बात कही। मीडिया के माध्यम से टीबी अस्पताल के रिटायर्ड अधीक्षक एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एमएल अग्निहोत्री ने डिंपल यादव की बात सुनी और रात को ही उन्होंने एक पत्र लिखा। जिसमें अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने के दिन दीप जलाने के लिए घी की मांग से प्रसन्न होने की बात कही और तत्काल प्रभाव से उन्होंने डिंपल यादव को घी भी भेजा। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी लिखा कि आपका हृदय परिवर्तन हुआ इसकी मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है, कारसेवकों पर जो अत्याचार हुआ है बेहद दुखद था। इसे देश कभी भुला नहीं पाएगा। लेकिन आपका हृदय परिवर्तित हुआ है इसलिए आपकी मांग पर हम घी भेज रहे हैं।

### शिशु रोग विशेषज्ञ हैं एम एल अग्निहोत्री -

7 जनवरी को डॉक्टर एमएल अग्निहोत्री ने जब उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नि डिंपल यादव को रात एक बजे पत्र लिखा। जिसमें डिंपल यादव के द्वारा दीप जलाने के लिये घी की मांग की गई थी। मुख्य रूप से उन्होने पत्र के माध्यम से तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव द्वारा कार सेवकों पर अत्याचार किये जाने की बात के माध्यम से डिंपल यादव को 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर पूरे विश्व के साथ दीपक जलाकर सहभागी बनने की बात कही है। साथ ही उन्होने डिंपल यादव के लिये लिखा मुझे यह सुनकर अपार खुशी हो रही है, आपका हृदय परिवर्तन हो रहा है, इसलिये प्रभु राम का सेवक होने के नाते मैं आपकी मांग पर तत्काल पूर्ति करते हुये शुद्ध घी भेज रहा हूं। आपकी भावनायें सम्मान करने योग्य है, कृपया सभी राजनैतिक दबाब को नकारते हुये मेरी भेंट स्वीकार करे।

### डॉ. अग्निहोत्री ने नौ लोगों को भेजी प्रतिलिपि -

डॉ एम एल अग्निहोत्री ने पत्र की प्रतिलिपि अपने गुरु महंत गोपाल दास जी महारज, सर संघ चालक मोहन भागवत , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय रक्षा राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा को प्रतिलिपि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजी।

## एंतिहासिक संक्रांति मेले का विधायक ने किया शुभारंभ

**महाराजपुर।** सोमवार को मकर संक्रांति के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने नगर में लगने वाले ऐतिहासिक संक्रांति मेले का शुभारंभ किया। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शशिकांत अग्निहोत्री, नगर पालिका अध्यक्ष सपना खटीक, नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रेमबाई चौरसिया, मंडल अध्यक्ष राजकुमार दयाराम चौरसिया, नगर पालिका सीएमओ विवेक नारायण मिश्रा और उपयंत्री महेश असाटी सहित नगर के पाषर्द मौजूद रहे।कुम्हेड नदी के तट पर मौजूद हनुमान मंदिर में नगर पालिका महाराजपुर के तत्वाधान में आयोजित किए जा रहे मेले का पंडित दीपू भार्गव ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हुए मेले का शुभारंभ कराया। उल्लेखनीय है कि कई दशकों से इस 15 दिवसीय मेले का नगर में आयोजन होते आ रहा है। इस मले में छतरपुर जिले के अलावा आसपास के अन्य राज्यों एवं जिलों के दुकानदार पहुंचते हैं। बच्चों के मनोरंजन के लिए तरह-तरह के झूले एवं अन्य प्रसाधन सजाए गए हैं। मेले के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्रीय ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। निकाय प्रशासन ने मेले के दुकानदारों से अपील की है कि उन्हें किसी भी तरह की समस्या होने पर वे सीधे नगर पालिका तक सूचना पहुंचाएं, उनकी प्रत्येक समस्या का समाधान किया जाएगा।




## हंसी से लोट-पोट हुए दर्शक, लजवाब रही दूसरे दिन की प्रस्तुति



**छतरपुर।** शहर के किशोर सागर तालाब स्थित ऑडिटोरियम में चल रहे 3 दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव छतरपुर फेस्टिवल के अंतर्गत दूसरे दिन छतरपुर के कलाकारों ने अपनी नाट्य प्रस्तुति दी। नाटक का नाम था द ग्रेट राजा मास्टर ड्रामा कंपनी। यह नाटक एक ऐसे टेलर मास्टर की कहानी पर आधारित था जो फेमस होने की गरज से अपने पुश्तैनी सिलाई से जुड़े काम को छोड़कर एक ड्रामा कंपनी का डायरेक्टर बन जाता है और फिर एक नाटक की तैयारी करते हुए उसकी जिंदगी में तमाम मुसीबतें टूट पड़ती हैं। कलाकारों की बेजोड़ अभिनय क्षमता, कथानक में रचे गए लोट-पोट कर देने वाले हास्य संवाद और नौटंकी शैली के बुंदेली संगीत के समन्वय से निर्मित हुए इस नाटक ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। नाटक का निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी और पत्रकार शिवेन्द्र शुक्ला ने किया था। नाटक की कहानी 1990 के दशक की है, जब एक टेलर मास्टर अपने काम को छोड़कर ड्रामा कंपनी खोल लेता है। अपने मिलने जुलने वालों और आस-पड़ोस के लोगों को वह कंपनी में भर्ती कर उन्हें नाटक के लिए तैयार करता है। नाटक मुगलकाल पर आधारित होता है लेकिन कलाकारों की मूर्खता और उनके अडिय़ल रवैए के कारण राजा मास्टर का यह नाटक बुरी तरह चौपट हो जाता है। इस नाटक में कलाकारों का अभिनय बेजोड़ रहा। तो वहीं नौटंकी शैली के बुंदेली संगीत ने नाटक की कहानी के साथ गजब का तारतम्य बैठाया। दर्शकों से खचाखच भरा ऑडिटोरियम इस नाटक को देखकर डेढ़ घंटे तक ठहाके लगाता रहा। नाटक में लगभग 20 कलकारों ने हिस्सा लिया जिनमें जीतेन्द्र पाण्डेय विद्यार्थी, अंकित अग्रवाल, अभिदीप सुहाने, सर्वेश खरे, अंजली नामदेव, साक्षी द्विवेदी, उपासना तोमर, मानस गुप्ता, भूपेन्द्र वर्मा, विकास पटैरिया, अंश सम्यक जैन, मानस निगम, अनिल कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, लखन अहिरवार, ब्रजभान अहिरवार, बादल अहिरवार और रवि अहिरवार शामिल रहे। नाटक के समापन पर डीआईजी ललित शाक्यवार को उनकी कला प्रदर्शनी के लिए आयोजन समिति की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

## 2 किलो अवैध गांजा के साथ 2 तस्करों को पुलिस ने दबोचा, न्यायालय ने भेजा जेल



**मातगुवां।** मातगुवां थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह यादव को गत रोज क्षेत्र भ्रमण के दौरान ईशानगर मार्ग पर अर्टिगा कार में जा रहे गांजा तस्करों के संबंध में सूचना मिली थी। जिस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कार को जांच के लिए रोका। चैकिंग करने पर पुलिस को कार में 2 किलो अवैध गांजा मिला, जिस पर पुलिस ने कार एवं उसमें सवार दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा बताया गया है कि जब टीम ने कार को रोका तो चालक कार मोड़कर भागने का प्रयास कर रहा था लेकिन पुलिस की मुस्तैदी के चलते वे सफल नहीं हो सके। पुलिस ने कार क्रमांक यूपी 80 सीएच 2528 और करीब 10 हजार कीमत का 1 किलो 990 ग्राम गांजा बरामद कर आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए दोनों आरोपी जिले के नौगांव शहर के निवासी बताए गए हैं और दोनों की उम्र 22 वर्ष है। इस कार्यवाही में मातगुवां थाना प्रभारी उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह यादव, सहायक उपनिरीक्षक मनमोहन सिंह मार्को, आरक्षक कुलदीप और पंकज यादव की सराहनीय भूमिका रही।

खबर संक्षेप

## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री सिंधिया से सौजन्य भेंट की



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से सौजन्य भेंट की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा में निर्माणाधीन विमानतल के कार्य के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

## परिवहन विभाग ने शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय में किया लाइसेंस एवं यातायात जागरूकता के शिविर का आयोजन

**रीवा।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान परिवहन विभाग रीवा के द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम के लिए आर टी ओ रीवा के द्वारा शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में छात्रों के लिए खुद से घर बैठे लाइसेंस बनाने के लिए प्रयोगशाला का आयोजन किया आरटीओ रीवा ने कालेज परिसर में स्मार्ट क्लास के माध्यम से हाल में मौजूद सभी छात्रों को घर बैठे ऑनलाइन लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया समझाइ और एक छात्र एवं एक छात्रा का मौके पर ही लाइसेंस बनाकर उनको कॉलेज प्रबंधन के हाथो से ही लाइसेंस प्रदान कराया। कॉलेज में प्राचार्य श्रीमती अर्पिता अवस्थी प्रोफेसर अखिलेश शुक्ला प्रोफेसर डाक्टर अमित तिवारी डॉ रविंद्र धुर्वे डॉ आर पी चतुर्वेदी जनभागीदार समिति के अध्यक्ष श्री राजेंद्र ताम्रकार सदस्य श्री विवेक शुक्ला आदि जन उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में आर टी ओ रीवा ने सभी लोगो से अपना लाइसेंस बनवाकर ही चलने की समझाइस दी,साथ ही कहा की बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन न चलाए और चार पहिया चालक सीट बेल्ट अवश्य लगायें। इसके अलावा यातायात से संबंधित जानकारिया साझा की। परिवहन विभाग की टीम के द्वारा लाइसेंस बनाने के लिए इस लिंक को उनके मोबाइल पर साझा करते हुए घर बैठे लर्निंग लाइसेंस के आवेदन कैसे करना है इस बात की जानकारिया भी साझा की।प्रदेश में लर्निंग लाइसेंस फेस लेस हो चुका है और अब अपना लाइसेंस सभी लोग घर बैठे ही बना सकते है।परिवहन विभाग की टीम ने सभी को यातायात के नियमों का पालन करने की बात कही।

विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र डॉ अमित तिवारी की उपस्थिति में हुआ संपन्न

# शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के विज्ञान संकाय द्वारा आयोजित किया गया विज्ञान मेला





**रीवा।** उत्तरायण पुण्य काल उत्सव का समय होता है, इसे आधुनिक विज्ञान से जोड़ते हुए छात्रों में विज्ञान की व्यावहारिक समझ को बढ़ाने के लिए विज्ञान मेले का आयोजन सोमवार को शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी के निर्देशन में विज्ञान संकाय तथा प्राणीशास्त्र एवं बायोटेक विभाग के संयोजकत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र ताम्रकार अध्यक्ष जनभागीदारी समिति तथा विशिष्ट अतिथि विवेक शुक्ला रहे कार्यक्रम के संयोजक डॉ.अमित तिवारी, डॉ.संजय सिंह, डॉ. अच्युत पाण्डेय रहे। मुख्य अतिथि राजेन्द्र ताम्रकार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों में वैज्ञानिक चेतना का विकास होगा। छात्रों में वैज्ञानिक सृजनात्मकता एवं प्रयोगात्मकता को बढ़ावा देने में ऐसे कार्यक्रम सहायक होते है। छात्र-छात्राओं ने वन्य जीव संरक्षण, वैश्विक तापमान, अपशिष्ट प्रबंधन, जीन थैरैपी, जीन क्लोनिंग, डी.एन.ए, डायलेसिस, बायोडायोवर्सिटी, हृदय संचालन, फिजियोलॉजी, सेल डिवीजन, टिशु कल्चर आदि विषयो पर मॉडलो का प्रस्तुतीकरण किया। उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। छात्रों द्वारा पॉवरप्वाइंट प्रजेन्टेशन भी किया गया। प्राध्यापकों एवं अतिथियों द्वारा छात्रों के कार्यो की सराहना की गई। तत्पश्चात मधुमक्खी पालन एवं शहद उत्पादन विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विज्ञान मेला को सफल बनाने में डॉ. संजय शंकर मिश्र, प्रोफेसर शिव कुमार दुबे, डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. मुकेश शाह, डॉ. रामयश साहू जी, डॉ. कल्पना त्रिपाठी, प्रो. ललिता मिश्रा, प्रो. सध्या सिंह, डॉ. अम्बर शुक्ला, डॉ. सविता चक्रधारी, डॉ. अन्नू तिवारी, डॉ. परवीन बानों डॉ. पारसमणि चतर्वेदी, प्रो. निकिता मिश्रा, डॉ. श्रद्धा तिवारी, डॉ. रश्मि पाण्डेय, प्रो. अंजलि सिंह परिहार, डॉ. वर्षा मिश्रा, डॉ. विवेक यादव, ज्ञानेन्द्र तिवारी, सुधा मिश्रा आदि की उल्लेखनीय रही।

## ग्राम पंचायत झिरिया में विकसित भारत संकल्पो यात्रा पहुंची



रीवा । ग्राम पंचायत झिरिया के पंचायत भवन में विकसित भारत संकल्पप यात्रा के मुख्यत अतिथि के रूप में जनपद सदस्य अभिषेक त्रिपाठी अध्याक्षता झिरिया सरपंच सुनीता राजाराम बुनकर ने राष्ट्रपपिता महात्मा गांधी के छाया चित्र पर पुष्पझ अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। ग्राम पंचायत झिरिया के सभी ग्रामवासियों को प्रदेश एवं भारत सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों को खादद्यान पर्ची वितरित की गई बकाया ग्रामीणों का फार्म भरवाया गया वही वद्धा पेंशन योजना से संवंधित फार्म भरवाये गये। ग्रामीणों के स्वास्थ की जांच कराई गई एवं दवाई का वितरण कराया गया। लाडली लक्ष्मी। योजना से लाभान्वित वच्चियों ने सरकार की योजनाओं के लाभ की जानकारी साझा की। आंगनवाडी की कार्यकर्ताओं ने महिलाओं को आंगनवाडी से सम्बीन्धित जानकारी साझा किया। इस अवसर पर राजस्वं के कर्मचारी जिसमें पटवारी एवं राजस्वब निरीक्षक, आशा कार्यकर्ता, स्वामस्य्एव विभाग के कर्मचारी, ग्राम पंचायत के पंच एवं उपसरपंच के साथ ही ग्राम के पूर्व सरपंच शिव कुमार तिवारी, वज़ेश तिवारी, अयोध्यो प्रसाद द्विवेदी, मुन्नालाल साकेत, अनिल द्विवेदी, जीतेन्द्र तिवारी, आनन्दी तिवारी, ग्राम पंचायत सचिव रामनारायण वर्मा, सहायक सचिव संदीप पाण्ड्येय, रघुनंदन कोरी, वृन्दावन कोरी, शंकर कोरी, रामसजीवन कोल, गुडिया कोरी, शंकर कोरी सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## मकर संक्रांति आगमन का उत्सव तिल, गुड़ खिलाकर महिला महासभा ने मनाया



**रीवा।** अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा रीवा द्वारा मकर संक्रांति आगमन उत्सव भारतीय संस्कृति अनुसार मनाया गया।प्रदेश अध्यक्ष मीना बंसल जी एवं सभी महासभा सदस्यों ने लता संथालिया, खुशबू संथालिया के निज निवास परिसर में धूमधाम से मनाया। जारी प्रेस विज्ञप्ति में प्रदेश अध्यक्ष मीना बंसल जी ने बताया कि वर्ष के प्रथम माह में मकर संक्रांति आगमन पर देशभर में अलग अलग राज्यों में संक्रांति पोंगल, लोहड़ी, खिचड़ी के रूप में भी मनाया जाता है पौराणिक वेद अनुसार सूर्य देवता दक्षिणायन से उत्तरायण होते हैं और धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं। इससे पृथ्वी और चंद्रमा की स्तिथि में परिवर्तन होता है जिसका असर जलवायु पर भी पड़ता है। इसके बाद ठंड भी कम हो कर प्रकृति में बसंत ऋतु की लालिमा छा जाती है। महाराष्ट्र में महिलाएं एक-दूसरे को हल्दी, कुमकुम लगाकर तिल गुड़ खाओ मीठा-मीठा बोलो ऐसी शुभकामनाएं देती हैं संस्कृति को जीवर्थ करने के उद्देश्य से महासभा की महिलाओं ने बड़े उत्साह के साथ एक दूसरे को हल्दी,कुमकुम लगाया और मस्ती भरे खेल खेले साथ ही खिचड़ी भी खाई।उपरांत रंग बिरंगी पतंगबाजी हुई। तिल,गुड़ के लड्डु और अन्य पकवान की प्रतियोगिता रखी गई तिल व्यंजन प्रतियोगिता में निर्णायक की सफ़ल भूमिका निर्वाहन उमा बंसल ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संध्या अग्रवाल, द्वितीय स्थान शैलजा अग्रवाल एवं तृतीय स्थान में संयुक्त रूप से राखी अग्रवाल, सुनयना अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल ने गिफ़्ट स्वरूप अर्जित किया। इस शुभ अवसर पर श्रीमतगीता, राखी, शिप्रा, स्वातिरानू, शैलजा, पूजा, संध्या, अंजू, रक्षा, प्रीती, शिल्पी, संध्या, अंजू, सुनयना, उषा, दीपिका, नीतू, सारिका, स्वाति, अनीता आदि महिलाओं ने मकर संक्रांति के आगमन के उपलक्ष्य में भरपूर आनंद उठाया। उक्ताशय की जानकारी महासभा के मीडिया प्रभारी मनोज अग्रवाल ने दी।

## राजस्व महाअभियान में किया गया बी-1 का वाचन तथा लोगों की समस्याओं का हुआ



**रीवा।** जिले में 15 जनवरी से 29 फरवरी तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान नक्शा तरमीम, खसरे में सुधार सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसी क्रम में गुढ़ तहसील के खड्डा ग्राम में एसडीएम अनुराग तिवारी की उपस्थिति में बी-1 का वाचन किया गया तथा उपस्थित लोगों की विभिन्न राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण हुआ। इसी प्रकार जनपद पंचायत सिरमौर के ग्राम पंचायत मरैला में बी-1 का वाचन किया गया। वाचन के दौरान मृतक व्यक्तियों की संख्या 7 रही। महाअभियान में ग्राम रौरा, खझुआवन, कोलगढ़, इटौरा, गोरगांव, कोलइया, बिहरा के साथ-साथ त्योंथर, जवा एवं मनगवां तहसील में भी आमजनों की उपस्थिति में बी-1 का वाचन किया गया।

## नादान बच्चों ने की गंदी हरकत, मामला पहुंचा पुलिस स्टेशन

**रीवा।** दुष्कर्म के अपराध में अभी तक 14 वर्ष से ऊपर के लोगों का नाम सामने आता था। हां यह बात जरुर है कि दंरिदे फूल सी बच्ची तक को अपनी हवस का शिकार बना लेते है। लेकिन चोरहटा थाना क्षेत्र में दुष्कर्म से जुड़ा एक ऐसा अपराध आलोक में आया है जिसमें पुलिस तो क्या न्यायालय भी सुन कर हतप्रभ हो जायेगा। चार साल की बच्ची से दो बच्चों ने मिलकर गंदी हरकतें की। आश्चर्य की बात तो यह है कि गंदी हरकत को अंजाम देने वाले बच्चे भी 7-8 साल के हैं। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार की है, बच्ची की मां पार्लर में काम करती है। रविवार के दिन अपनी बच्ची को वह मायके में छोड़ कर पार्लर चली गई। देर शाम लौटी तो बच्ची ने बताया कि उसके परिवार के दो बच्चों ने उसके साथ गंदी हरकत को अंजाम दिया है। बच्ची की मुंह से यह बात सुनते ही मां के होश उड़ गये और सुबह होने पर बच्ची को लेकर एसजीएमएच आ पहुंची। इस बात की खबर लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, बच्ची का मेडिकल परीक्षण करवाने के साथ ही बच्चों के विरुद्ध पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। यहां सोच का विषय यह है कि इन सात-आठ साल के बच्चों को इस तरह की गंदी हरकत करने की सूझ कहां से आई।

# नईगढ़ी जनपद के जिम्मेदारों की अनदेखी से दुकानों के निर्माण का कार्य अधर में



### जनपद पंचायत नईगढ़ी परिसर में 2 वर्ष बाद भी नहीं बन पाई निर्माणाधीन दुकानें

**मऊगंज।** जिले जनपद पंचायतों में शासन की योजनाओं को किस कदर पलीता लगाया जा रहा है आए दिन जिम्मेदारों पर आरोप लगते है। जमीनी हालात बोलते हैं कि जहां देखा जाए वही लाखों रुपए के निर्माण कार्य जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण आज भी आधे अधूरे नजर आते हैं। कुछ इसी तरह का मामला मऊगंज जिले के जनपद पंचायत नईगढ़ी का देखने को मिला। जहां बीते दो वर्ष पूर्व अधोसंरचना जनपद विकास निधि से जनपद कार्यालय नईगढ़ी के परिसर में 4 की संख्या में दुकान निर्माण कार्य कराए जाने की मंजूरी प्रदान की गई थी। दुकानों के निर्माण का कार्य जनपद क्षेत्र के ही एक पंचायत को निर्माण एजेंसी बनाया गया था। लेकिन निर्माण एजेंसी के हीला हबाली एवं जिम्मेदारों के अनदेखी के कारण दो वर्ष से भी अधिक समय गुजर जाने के बाद भी आज तक दुकानों का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका। देखा यहा जा रहा है कि बीते 2 वर्ष से छत डालकर आधा अधूरा पड़ा निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका। यहां सबसे बड़ा सवाल यहां उठता है कि जब जनपद के जिम्मेदार अधिकारियों के सामने जहां प्रतिदिन अधिकारियों का आना-जाना होता है बनाई जा रही दुकानों का आज तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका तो अपने आप ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि कि क्षेत्र के पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों की स्थिति क्या होगी।

### आधे अधूरे निर्माण कार्य पर नहीं पड़ी जिम्मेदारों की नजर

यहां सबसे बड़ा विचारणीय तथ्य यह सामने आ रहा है कि जब जनपद कार्यालय के ठीक सामने जहां जनपद के लगभग सभी जिम्मेदार प्रतिदिन ड्यूटी करने आते हैं। विकास कार्यों के निरीक्षण एवं विकास कार्यों के निर्माण कार्यों में गति लाने के लिए जिम्मेदार अधिकारी प्रतिदिन टूर डायरी तैयार करते हैं। इतना ही नहीं भ्रमण के नाम पर डीजल पेट्रोल खर्च करते हैं। कहां कितना भ्रमण होता है यह तो विभाग के जिम्मेदार ही बताएंगे लेकिन जनपद कार्यालय के ठीक सामने निर्माणाधीन दुकानों पर जिम्मेदार अधिकारियों की नजर न पड़ना और आज तक निर्माण कार्य की पूर्णता की ओर कोई ठोस कदम न उठाना विभागीय अधिकारियों की कर प्रणाली पर सवालिया निशान लगता है।

### सुर्खियों में रहा दुकानों के निर्माण का कार्य

करीब 2 वर्ष पूर्व अधोसंरचना जनपद विकास निधि से बनाई जा रही 4 की संख्या में दुकानों के निर्माण का कार्य शुरुआती दौर में उस समय सुर्खियों में आया जब निर्माण कार्य में संबंधी निर्माण एजेंसी द्वारा अनियमितता बरती गई। सूत्रों कि माने तो निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कार्य के शुरुआती दौर में बालू की जगह राखड़ का प्रयोग किया जा रहा था। जब लोगों द्वारा विरोध किया गया और घटिया निर्माण का कार्य अखबारों की सुर्खियों में आया तो तत्कालीन जनपद प्रशासन द्वारा कड़ा रुख अख्तियार करते हुए निर्माण एजेंसी को कड़े लहजे में हिदायत दी गई थी। आनन फानन संबंधी इंजीनियर भी अपनी जिम्मेदारी की ओर बढ़े और राखड़ की बजाय बालू से निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। लेकिन विडंबना रही की छत लेवल तक पहुंचते पहुंचते दुकानों के निर्माण का कार्य एक बार रुका तो दोबारा आज तक प्रारंभ नहीं हो सका। दुकानों के निर्माण का कार्य वह भी जनपद कार्यालय के ठीक सामने किन कारणों के चलते बंद पड़ा है यह तो जिम्मेदार अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी के जिम्मेदार बता पाएंगे लेकिन यहां हकीकत है कि ठीक 2 वर्ष से भी अधिक का समय गुजर जाने के बाद भी आज तक नईगढ़ी जनपद कार्यालय के सामने निर्माणाधीन दुकानों के निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं हो सका। जो जनपद स्तरीय जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगता है। जो जांच का विषय है।

### इनका कहना है

दुकानों के निर्माण कार्य के शुरुआती दौरान मेरी पदस्थापना नईगढ़ी में नहीं थी। छत स्तर तक कार्य हो गया है। निर्माण कार्य संबंधी जानकारी प्राप्त होने पर की किन कारणों के चलते निर्माण कार्य बंद है। परख उपरांत जैसी स्थिति निर्मित होगी वैसी कार्यवाही की जाएगी।

**आर पी मिश्रा**
**सहायक यंत्री**
**जनपद पंचायत नईगढ़ी**

## फुटबॉल के लिए सदैव समर्पित रहेगा संगठन : नृपेंद्र सिंह पिन्टू



**मऊगंज।** जिले के नईगढ़ी के ढाका मैदान में चल रही अंडर 14 फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित युवा कल्याण संगठन नईगढी के अध्यक्ष एंव कांग्रेस नेता नृपेन्द्र सिंह पिंटू ने कहा की युवा कल्याण संगठन नईगढ़ी अंचल में खेल एवं खिलाड़ियों के सहयोग एंव उत्साह वर्धन हेतु पिछले कई बर्षो से सदैव अग्रसर रहा है समय-समय पर राष्ट्रीय स्तर के फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन भी नईगढी में कराया गया है। नईगढ़ी के फुटबॉल खिलाड़ियों को खेल सामग्री एंव किट भी उपलब्ध कराई जाती है। संगठन का यह भरसक प्रयास रहता है की नईगढ़ी के खिलाड़ियों को समय पर खेल सामग्री मिलती रहे जिससे की उनको खेलने में कोई परेशानी न हो । मकर संक्रति के अवसर पर फाइनल मैच आजाद क्लब नईगढ़ी एंव श्रीराम क्लब नईगढ़ी के बीच खेला गया जिसमे आजाद क्लब नईगढ़ी 2-1 से विजयी रहा। युवा खिलाडियो को युवा कल्याण संगठन नईगढी के अध्यक्ष नृपेंद्र सिंह पिन्टू ने कहा कि संगठन आप का हमेशा सहयोग करेगा आप लोग अच्छे खेल का प्रदर्शन करिए नईगढी का नाम रोशन करिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से अखिलेश पटेल, दाऊराम प्रजापति, आरजे खान,असरफ खान,देवराज यादव सहित बडी संख्या में नगर पंचायत नईगढी के फुटबॉल खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## शाहपुर थाना प्रभारी सहित पांच पुलिस कर्मी लाइन अटैच

### शिकायत मिलने पर ग्रामीणो के साथ शाहपुर थाना पहुंचे थे विधायक





**मऊगंज।** फरियादियो द्वारा पुलिस की शिकायत मिलने पर ग्रामीणो के साथ मऊगंज बिधायक प्रदीप पटेल शाहपुर थाना पहुंचे थे।इस दौरान एएसपी मुन्ना लाल चौरसिया भी मौजूद है, ग्रामीणों ने विधायक प्रदीप पटेल से शिकायत किया था कि शाहपुर थाने में फरियाद लेकर जाने वाले फरियादियो को धमकी देकर भगा दिया जाता है,और आरोपियो से लेनदेन करके थाने से ही छोड़ दिया जाता है। ग्रामीणों द्वारा शिकायत करने के बाद भाजपा विधायक प्रदीप पटेल भड़क गए और ग्रामीणों के साथ शाहपुर थाना पहुंच गए, उनके साथ आधा सैकड़ा से ज्यादा ग्रामीण मौजूद हैं,विधायक ने कहां है कि जब तक दोषियो पर कार्यवाही नहीं होती तब तक वे थाने में ही रहेगें,हम अपने बिधानसभा क्षेत्र मे गुंडागर्दी नहीं होने दूंगा,और गुंडो को संरक्षण देने वाली पुलिस को थाने में रहने का अधिकार नही है। विधायक पटेल इन दिनों सख्त हैं, गुंडागर्दी भ्रष्टाचार और माफियाओं के खिलाफ विधायक प्रदीप पटेल के तेवर गर्म हैं, उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता अमन चैन शांति के लिए ही अपना अमूल्य मत देकर मुझे विधायक चुना है, क्षेत्र में अमन चैन बना रहे मै गुंडो माफिया के खिलाफ हुँ विधायक के थाने पहुंचते ही पुलिस के हाथ पैर फूलते नजर आ रहे थे, विधायक के इस एक्शन के बाद पुलिस प्रशासन ने थाना प्रभारी सहित पांच पुलिस कर्मी को लाइन अटैच कर दिया है।